कौशल केंद्र पर 116 युवाओं को दिए प्रमाण पत्र

सहगल फाउंडेशन द्वारा खोले गए आजीवन कौशल शिक्षा केंद्रों पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले युवाओं को प्रमाणपत्र वितरित करते हुए ।

नरेशगर्ग, फिरोजपुर झिरका

सहगल फाउंडडेशन के तत्वाधान में साकरस एवं रनियाला फिरोजपुर गावों में बने आजीवन कौशल शिक्षा केंद्रो पर प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले 116 युवाओं को प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इन युवाओं को कंपयूटर का प्रशिक्षण देकर पांच माह का कोर्स पूरा करवाया गया है। सहगल फाउंड़ेशन की डायरेक्ट अंजलि मुखीजा, प्राजेक्ट लीड़र सिप्रा मैड़म, हकमुद्दीन, आजाद मोहम्मद, शाहीन खातून ने बताया स्कूल की ओर से प्रिंसीपल सतीश कुमार, अध्यापक जैद मोहम्मद, मोहम्मद इनाम ने सभी युवाओं को प्रमाणपत्र वितरित किए। डायरेक्ट अंजलि मुखीजा ने बताया साकरस गांव के आजीवन कौशल शिक्षा केंद्र पर 30 युवतियों एवं 31 युवकों तथा रनियाला फिरोजपुर गांव में 30 युवतियों एवं 25 युवकों को पांच माह तक प्रशिक्षण दिया गया है। उन्होंने

> ◀ रनियाला एवं साकरस में सहगल फाउंड़ेशन ने डिजिटल लिटरेसी लाइफ स्किल योजना के तहत जीवन कौशल शिक्ष केंद्र।

बताया कि इन युवक एवं युवतियों को कंप्यूटर , इंटरनेट का ज्ञान देने के साथ-साथ केंद्र एवं प्रदेश सरकार की सभी आन लाइन योजनाओं के बारे में विस्तार से प्रशिक्षित किया गया है। ताकि ये तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त कर स्वरोजगार बन सकें। उन्होंने कहा डिजिटल लिटरेसी लाइफ स्किल डैवलेपमेंट योजना के तहत कई और गावों में भी जीवन कौशल शिक्षा केंद्र खोलकर युवाओं एवं युवतियों को कंपयटर शिक्षा देकर आत्मनिर्भर बनाया जाएगा। इस अवसर पर जाहुल , हसन, हारुन, संगठन सचिव मायावती,हक्की सहित काफी ग्रामीण मौजूद थे।